छत्तीसगढ़ आधार सेवा समिति

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पंजीकृत | पंजीयन क्रमांक : 122202245243

अध्यक्ष	सचिव	कोषाध्यक्ष
शेषनारायण साहू	धर्मेन्द्र कुमार	अक्षय खुशलानी
मो. 8319874758	मो. 9098857516	मो. 7247241111

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
चिप्स कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

विशय :– आधार ऑपरेटर की समस्याओं के संबंध में।

संदर्भ :– 1. ऑपरेटरों द्वारा मु.कार्य.अधि.चिप्स को दिया गया आवेदन दिनांक 05.10.2023
2. छ.ग. आधार सेवा समिति (यूनियन) द्वारा दिया गया पत्र दि. 20.12.2023

—00—

छत्तीसगढ़ में आधार ऑपरेटर आपके चिप्स एजेंसी के अंदर काम कर रहे है जिनको लगभग 2 वर्षो का पेमेंट नही दिया गया है, बार बार संदर्भित पत्र के द्वारा अक्टूबर माह से हमारे द्वारा आपको भुगतान हेतु निवेदन किया जा रहा है,परंतु आपके एवं चिप्स के संबंधित अधिकारीयों द्वारा केवल आश्वासन दिया जाता है कि, एक सप्ताह/15 दिन/10 दिन में भुगतान कर दिया जायेगा परंतु न ही भुगतान किया जाता है, और न भुगतान न होने के कारण से अवगत कराया जाता है। चिप्स के अधीन कार्यरत आधार ऑपरेटरर्स यूनियन से बार–बार सवाल करते है, जिसका जवाब हम देने में असमर्थ है। सभी आधार ऑपरेटरों में आक्रोष की स्थिति बनी हुई है। जिसके कारण वह चिप्स कार्यालय का घेराव करने के लिए तैयारी कर रहे है। जिस हेतु इस पत्र को दिये जाने के एक सप्ताह के भीतर यदि आपके द्वारा आधार ऑपरेटरों का भुगतान नही किया जाता है तो पुरे छत्तीसगढ़ के आधार ऑपरेटर आधार का कार्य बंद कर चिप्स कार्यालय में धरना प्रदर्सन करनें का निर्णय लिया है , इससे यदि केंद्र अथवा राज्य सरकार के जनहित योजनाओं पर प्रभाव पड़ता है उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी चिप्स की होगी

अतः सविनय निवेदन है कि ऑपरेटरों को भुगतान जल्द से जल्द करनें का कष्ट करें, तथा इस संबंध में जो भी जानकारी है, यूनियन को प्रदान करनें का कष्ट करें। यदि एक सप्ताह के अंदर आधार ऑपरेटरों का भुगतान नही किया जाता है तो समस्त ऑपरेटर चिप्स कार्यालय का घेराव कर प्रदर्सन करेंगे।

प्रार्थी
समस्त आधार ऑपरेटर

प्रतिलिपि.
1. माननीय मुख्यमंत्री छ.ग शासन रायपुर को सादर सूचनार्थ

छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी चिप्स
State Data Center Civil Lines, Raipur (C.G.)
Chhattisgarh Infotech Promotion Society

24/01/2024

ऑफिस पता : मकान नं. 14, वार्ड क्र. 01, बारना, धमतरी, छत्तीसगढ़,
पिन-493663, ईमेल : aadharunioncg@gmail.com